

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM

डॉ. सुरेश मेहरोत्रा

नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

- **क्या आरएसएस आगामी मंत्रिमंडल और राज्यपाल फेरबदल को आकार देने वाला है?**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और आरएसएस पदाधिकारियों के बीच लगभग पांच घंटे चली बंद कमरे की बैठक ने सत्ताधारी दल में संभावित राजनीतिक पुनर्गठन के मजबूत संकेत दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, चर्चाएं सामान्य समन्वय से कहीं आगे बढ़कर संगठनात्मक पुनर्गठन, सरकार के कामकाज और महत्वपूर्ण चुनावी दौर से पहले रणनीतिक नियुक्तियों पर केंद्रित थीं। ऐसा माना जा रहा है कि आरएसएस ने मंत्रिमंडल संरचना और राज्यपालों की नियुक्तियों दोनों पर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी हैं, जो शासन को वैचारिक प्राथमिकताओं के अनुरूप ढालने में अधिक मुखर भूमिका का संकेत है। केंद्रीय मंत्रिमंडल स्तर पर फेरबदल पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है, जिसमें प्रदर्शन समीक्षा, पीढ़ीगत संतुलन और चुनावी उपयोगिता पर जोर दिया जा रहा है। इसके समानांतर, केंद्र और राज्य इकाइयों के बीच प्रशासनिक सामंजस्य को मजबूत करने के लिए, विशेष रूप से राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्यों में, राज्यपालों में महत्वपूर्ण फेरबदल किया जा सकता है। खबरों के मुताबिक, बैठक में भाजपा की राष्ट्रीय संगठनात्मक संरचना की भी समीक्षा की गई, और आने वाले हफ्तों में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में बदलाव होने की संभावना है। इन सभी घटनाक्रमों से एक समन्वित राजनीतिक पुनर्गठन का संकेत मिलता है, जिसमें आरएसएस पार्टी और सरकार दोनों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

- **अब शिवसेना के बाद एनसीपी की बारी है ?**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि शिवसेना के बाद अब एनसीपी (संसद) के विभाजन की बारी है। क्या एनसीपी भाजपा में विलय करेगी? यह तो समय ही बताएगा।

- **मंत्रिमंडल में फेरबदल से बड़े बदलावों की उम्मीद**

दिल्ली में मंत्रिमंडल में बड़े फेरबदल की आशंका जताई जा रही है। ऐसी खबरें हैं कि कई नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है और कुल मिलाकर 30-40 प्रतिशतमंत्रियों को बदला जा सकता है। रिपोर्टों के अनुसार, मध्यावधि सुधार के तहत कुछ मंत्रियों को हटाया जा सकता है, उनका स्थानांतरण किया जा सकता है या उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं।

## प्रशासनिक

- **नए स्कूल शिक्षा सचिव कौन होंगे ?**

विद्यालय शिक्षा सचिव संजय कुमार इस महीने सेवानिवृत्त होने वाले हैं। अब सवाल यह उठता है कि नया विद्यालय शिक्षा सचिव कौन होगा। कुमार बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।

- **एजीएमयूटी कैडर के आईपीएस अधिकारियों को मिलने वाला लाभ**

अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के छह आईपीएस अधिकारियों को डीजी रैंक के लिए सूचीबद्ध किया गया है। वे हैं आनंद मोहन (1994), डेविड लालरिनसांगा (1995), देवेश चंद्र श्रीवास्तव (1995), राजेश कुमार (1995), सतीश श्रीरामजी खंडारे (1995) और शिव दर्शन सिंह (1995)।

- **आठवें वेतन आयोग की चर्चाओं में उपयुक्तता कारक प्रमुख मुद्दा बन गया है।**

आठवें केंद्रीय वेतन आयोग पर चर्चा के दौरान उपयुक्तता कारक (फिटमेंट फैक्टर) प्रमुखता से सामने आया है, क्योंकि यह केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन और पेंशन संशोधनों का मुख्य चालक होने की उम्मीद है। फिटमेंट फैक्टर एक गुणक है जिसका उपयोग कर्मचारी के मौजूदा मूल वेतन या पेंशन को संशोधित वेतन संरचना में परिवर्तित करने के लिए किया जाता है। 7वें वेतन आयोग के तहत, 2.57 के फिटमेंट फैक्टर ने न्यूनतम मूल वेतन को 7,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये कर दिया। आठवें वेतन आयोग की कार्यवाही शुरू हो चुकी है और अब सारा ध्यान उस गुणक पर केंद्रित है जो अंततः वेतन संशोधनों की दिशा तय करेगा। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक आंकड़ा घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि यह गुणक 2.28 से 3.83 के बीच हो सकता है। वहीं, कर्मचारी संघ उच्च गुणक के लिए दबाव बनाना जारी रखे हुए हैं।

- **सुश्री श्रुति अग्निहोत्री का कार्यकाल बढ़ाया**



इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) की सीवीओ सुश्री श्रुति अग्निहोत्री का कार्यकाल 30 जुलाई, 2026 के बाद दो साल की अवधि के लिए यानी 30 जुलाई, 2028 तक बढ़ा दिया गया है। वह 1998 बैच की आईआरएएस अधिकारी हैं।



- **आईपीएस दीपक चौधरी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना कार्यकाल पूरा किया**

लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में मंत्री (समन्वय) के पद पर तैनात दीपक चौधरी, आईपीएस, को आज उनकी तैनाती की अवधि पूरी होने पर पद से मुक्त कर दिया गया।



- **मीनू चौधरी एसएसबी की आईजी नियुक्त की गईं**

श्रीमती मीनु चौधरी को प्रतिनियुक्ति के आधार पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में आईजी के पद पर नियुक्त किया गया है। वह एजीएमयूटी कैडर की 2000 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं।

- **राष्ट्रीय सुरक्षा बोर्ड (एनएसबी) के सदस्यों के चयन हेतु पैनल का गठन किया**

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल बोर्ड अधिनियम, 2025 के तहत राष्ट्रीय खेल बोर्ड के लिए चयन समिति का गठन किया है। कैबिनेट सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन पांच सदस्यीय राष्ट्रीय खेल बोर्ड चयन समिति की अध्यक्षता करेंगे। अन्य सदस्यों में खेल सचिव हरि रंजन राव, भारतीय ओलंपिक संघ के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह, खेल प्रशासक और दो राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेता गगन नारंग और सुश्री एन. कुंजुरानी देवी शामिल हैं।

- **योगी आदित्यनाथ ने सरकारी कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान 'रील बनाने' के खिलाफ चेतावनी दी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी कर्मचारियों को कार्य समय के दौरान सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की और सार्वजनिक सेवा में अनुशासन और व्यावसायिकता पर जोर दिया। यह टिप्पणी मुख्यमंत्री द्वारा एक औपचारिक कार्यक्रम में नव नियुक्त सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के दौरान की गई। आदित्यनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी सेवा नागरिकों के प्रति एक जिम्मेदारी है और इसे ऑनलाइन उपस्थिति के लिए तुच्छ नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियों में शामिल होने के बजाय कुशल शासन प्रदान करने पर ध्यान देना चाहिए। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी सरकारी कर्मचारियों द्वारा कार्यालयों से, अक्सर ड्यूटी के घंटों के दौरान, लघु वीडियो पोस्ट करने के बढ़ते चलन के बाद आई है, जिसकी वजह से समय और संसाधनों के दुरुपयोग को लेकर आलोचना हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की गतिविधियों से प्रशासनिक कामकाज प्रभावित होता पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा का अनावरण

## रुदौली को दी 378 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रूदौली विधानसभा क्षेत्र स्थित स्थित माँ कामाख्या धाम में वीरांगना झलकारी बाई की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 378 करोड़ की लागत की 126 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा भारत कि अमर वीरांगना को जिसने 1857 के स्वातंत्र्य समर में देश की आजादी के लिए फिरंगियों को नाको चने चबाने के लिए मजबूर कर दिया था। ऐसी झलकारी बाई को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रनायकों का सम्मान,वीर व वीरांगनाओं का सम्मान हमें राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा प्रदान करता है। इसी राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित होकर डबल इंजन की भाजपा सरकार ने सरकार बनने के बाद महारानी लक्ष्मीबाई, महारानी दुर्गावती, महारानी अवंतीबाई लोधी व वीरांगना झलकारी बाई व वीरांगना ऊदादेवी के नाम से अनेक अभियान प्रारम्भ किए हैं। पीएसी की तीन नई बटालियन, बीरांगना अवंतीबाई लोधी, वीरांगना झलकारी बाई कोरी व वीरांगना ऊदादेवी पासी के नाम से बटालियन गठित की। तीनों बटालियन में केवल बेटियां ही भर्ती होंगी।

जहां पर भी पीएसी की बटालियन गठित हो रही हैं वहां पर अश्वारोही प्रतिमा वहां स्थापित होगी। देश की आजादी की लड़ाई में क्रान्तिकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुए देश की आजादी के लिए समर्पण भाव से काम किया था।

इस अवसर पर एमएलसी हरिओम पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, भाजपा के जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी,जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचन्द्र यादव,बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान, मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभान पासवान,पूर्व विधायक खब्बू तिवारी,पूर्व विधायक अभय सिंह,ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, भाजपा के जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय व जिला मंत्री अभिषेक यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## माँ कामाख्या धाम पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अयोध्या ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम नगरी अयोध्या पहुंचे हैं। सबसे पहले शुक्रवार को वह रुदौली विधानसभा के माँ कामाख्या धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री हेलीपैड से माँ कामाख्या मंदिर गए। मंदिर में पूजा अर्चना किया। रुदौली विधानसभा व मां कामाख्या धाम नगर पंचायत को सौगात देंगे। आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे। झलकारी बाई की मूर्ति का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी रुदौली विधानसभा के मां कामाख्या धाम हेलीपैड पहुंचने के बाद

कामाख्या मंदिर में दर्शन पूजन का कार्यक्रम है। वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। रुदौली विधानसभा के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

# औद्योगिक हब बनने की राह पर मीरजापुर, 80 इकाइयों से 5 हजार युवाओं को मिला रोजगार

## 1,734 करोड़ के निवेश से बदली जिले की तस्वीर, 20 नई इकाइयां जल्द शुरू करेंगी उत्पादन

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मीरजापुरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकासोन्मुखी नीतियों के चलते मीरजापुर में औद्योगिक विकास तेजी से गति पकड़ रहा है। कभी पिछड़े जिलों में गिने जाने वाले मीरजापुर में अब निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से निवेश करने वाली 80 औद्योगिक इकाइयों ने उत्पादन शुरू कर दिया है, जिससे जिले के आर्थिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र (डीआईसी) के उपायुक्त संदीप कुमार ने बताया कि इन 80 इकाइयों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 1,734 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इन उद्योगों के संचालन से 5,238 युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है, जबकि 10 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। इससे न केवल युवाओं का पलायन रुकेगा बल्कि जिले की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में 104 परियोजनाओं को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के लिए चयनित किया गया था। इनमें से 80 इकाइयों ने उत्पादन शुरू कर दिया है, जबकि 20 औद्योगिक इकाइयां निर्माणाधीन हैं और उनके संचालन के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। शेष चार इकाइयों की स्थापना संबंधी प्रक्रियाएं भी पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। उपायुक्त ने बताया कि सभी 104 इकाइयों के पूरी तरह संचालित होने पर लगभग 13,822 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है।

जल्द शुरू हो सकता है अडानी समूह का थर्मल पावर प्लांट : संदीप कुमार ने बताया कि मड़िहान क्षेत्र में अडानी समूह द्वारा लगभग 18,300 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया जा रहा थर्मल पावर प्लांट भी जल्द शुरू होने की संभावना है। यह परियोजना मीरजापुर के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होने के साथ प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना कोचिंग के लिए युवाओं में जबरदस्त उत्साह ,700 से अधिक आवेदन

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, नोएडा :** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत संचालित होने वाली निशुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग के लिए युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस वर्ष जिले में चार केंद्रों पर शुरू होने वाली कक्षाओं के लिए अब तक 700 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इस बार पंचशील बालक इंटर कॉलेज और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय को भी कोचिंग केंद्र के रूप में शामिल किया गया है।

योजना के तहत यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निशुल्क कराई जाएगी। सबसे अधिक आवेदन मिहिर भोज इंटर कॉलेज में यूपीएससी, नीट और जेईई की कक्षाओं के लिए करीब 300 आवेदन प्राप्त हुए हैं। डॉ. भीमराव आंबेडकर लाइब्रेरी में संचालित होने वाली विशेष यूपीएससी कक्षाओं के लिए 195 आवेदन आए हैं। साथ ही पंचशील बालक इंटर कॉलेज और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के लिए भी 230 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों के चयन के लिए 1 से 7 जुलाई के बीच प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा परिणाम 11 जुलाई को घोषित होंगी।

चयनित विद्यार्थियों की कक्षाएं 15 जुलाई से शुरू की जाएंगी। कक्षाओं में विषय विशेषज्ञों की ओर से पाठ्यक्रम आधारित अध्ययन के साथ उत्तर लेखन, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास और साक्षात्कार की तैयारी भी कराई जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि योजना को लेकर युवाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है। पिछले तीन वर्षों में योजना से जुड़े 30 से अधिक अभ्यर्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर चुके हैं।

## वाराणसी में गोरक्षपीठ मंदिर प्रांगण में त्रिदिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**वाराणसी ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मैदागिन स्थित गोरक्षपीठ मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को त्रिशक्ति सेवा फाउंडेशन एवं हिन्दू युवा वाहिनी की वाराणसी मंडल इकाई के संयुक्त तत्वावधान में त्रिदिवसीय योग शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। योग शिविर के प्रथम दिवस पर प्रशिक्षकों, हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने जमकर योग अभ्यास किया।

हिंदू युवा वाहिनी के वाराणसी मंडल के अध्यक्ष अम्बरीष सिंह भोला ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूरी दुनिया मना रही है। भारत में ऋषि मुनियों ने योग के बल पर सिद्धियां प्राप्त की है। योग अपनाएं, निरोग रहें और स्वस्थ भारत समृद्ध भारत जैसे विचार को सभी लोग आगे बढ़ाने के लिए मिलकर योग करें।

# उद्योग, व्यापार व सरकारी विभागों के बीच समन्वय पर जोर, आईएमए भवन में हुई परिचर्चा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, बरेली :** सेंट्रल यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वैलफेयर एसोसिएशन की ओर से गुरुवार रात को सिविल लाइंस स्थित आईएमए भवन में एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों के विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उद्योग, व्यापार एवं सेवा क्षेत्र की समस्याओं, नीतियों तथा उनके समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजीव शिंघल एवं सचिव शरद अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। अध्यक्ष राजीव शिंघल ने कहा कि उद्योग और व्यापार किसी भी क्षेत्र की आर्थिक प्रगति की रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को प्रभावी बनाने के लिए सरकारी विभागों और उद्योग जगत के बीच निरंतर संवाद आवश्यक है। उन्होंने लाइसेंस, अनुमति, निरीक्षण एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक सरल व डिजिटल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना और प्रक्रियाओं को पारदर्शी एवं सरल बनाना है। उन्होंने विभिन्न औद्योगिक नीतियों, अनुदान योजनाओं एवं ऑनलाइन अनुमोदन प्रणाली की जानकारी दी तथा उद्यमियों की समस्याओं के समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया।

रेलवे लॉजिस्टिक्स से आए संजीव शर्मा ने व्यापारियों को रेलवे की माल ढुलाई सुविधाओं, लॉजिस्टिक्स पार्क, पार्सल सेवाओं एवं विशेष मालगाड़ियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यापारी रेलवे की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर परिवहन लागत में कमी ला सकते हैं।

# ग्राम भसरौंड का आजीविका सरोवर एक साल से ध्वस्त

## कागजों पर आबाद, धरातल पर बर्बाद लाखों की लागत से बना

**बांदा ब्यूरो, नईदुनियाः** बांदा / जिले में जल संरक्षण के सरकारी दावे और तालाबों की वास्तविक स्थिति कागजों और धरातल के बीच का बड़ा अंतर बयां कर रही है। महुआ विकास खंड के ग्राम भसरौंड में लाखों रुपये की लागत से बना 'बहु-उपयोगी आजीविका सरोवर' निर्माण के एक साल के भीतर ही भ्रष्टाचार और विभागीय अनदेखी की भेंट चढ़ गया है। बदहाल पड़ा यह सरोवर आज खुद जिम्मेदार एजेंसियों से 'संजीवनी' की गुहार लगा रहा है, लेकिन भीषण जल संकट के बीच भी किसी अधिकारी ने इसकी सुध नहीं ली।

बुंदेलखंड पैकेज के तहत वर्ष 2024-25 के सत्र में ग्राम भसरौंड में इस आजीविका सरोवर का निर्माण कराया गया था। इसकी कार्यदायी एजेंसी राष्ट्रीय जलागम इकाई (बांदा) के भूमि संरक्षण अधिकारी थे। बताया जाता है कि 5 लाख रुपये से अधिक की लागत वाले इस तालाब का निर्माण इतना गुणवत्ताविहीन था कि यह बनते-बनते ही पिछले सत्र में ध्वस्त हो गया। तालाब में पानी लाने और निकालने के लिए डाले गए इनलेट और आउटलेट के पाइप भी टूट-फूट गए। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच इंसान से लेकर जानवर तक बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहे। हालात की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने शहर में जगह-जगह प्याऊ और छांव की व्यवस्था कराई। ग्रामीणों को आस थी कि इस भीषण जल संकट के दौर में शायद कार्यदायी संस्था के अधिकारियों की नींद टूटेगी और तालाब की मरम्मत होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## किसानों को जेल भेजने की धमकी, मंत्री की गाड़ी रोकी

**आगरा।** आगरा में शुक्रवार दोपहर किसानों ने मंत्री भूपेंद्र चौधरी की गाड़ी को रोक लिया। मंत्री की गाड़ी के आगे बैठकर धरना देने लगे। किसानों ने कहा कि मंत्री के जनप्रतिनिधि ने उन्हें जेल भेजने धमकी दी है। जब तक मंत्री उनसे माफी नहीं मंगवा देते, हम लोग नहीं मानेंगे।

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**
**आम सूचना**

कटारा हिल्स हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक सीनियर एल.आई.जी. 545 मण्डल द्वारा प्रेम नारायण आत्मज श्री कनछेदी लाल के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 688 दिनांक 16/04/2025 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 23/12/2020 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री सुरेन्द्र कुमार मीणा आत्मज श्री रामप्रताप मीणा के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 19/09/2025 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री सुरेन्द्र कुमार मीणा आत्मज श्री रामप्रताप मीणा के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**म.प्र. गृह नि. एवं अधो, वि.म. प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

655

**परिशिष्ट B-संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
**मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु।

एमएसीसी/2420/2025
श्रीमती पूजा बाई बनाम रईस खान
NEXT DATE: 30-07-2026

**प्रेषिती- प्रेषिती**-प्रो. रीना ठाकुर द्वारा मेसर्स राधवी ट्रेडर्स **पता**-शॉप नंबर-06, श्रीराम कालोनी, अयोध्या बायपास रोड, भोपाल म.प्र.।

यह कि प्रार्थी श्रीमती पूजा बाई ने आपके विरूद्ध एमएसीसी/2420/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 12-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**हिमांशु कौशल, न्यायाधीश**
**मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल**

656

IISER TIRUPATI

**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरुपति**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान)

**संविदा के आधार पर परामर्शदाता एवं कनिष्ठ परामर्शदाता के लिए भर्ती**

आईआईएसईआर तिरुपति संविदा के आधार पर 'परामर्शदाता 01 पद एवं कनिष्ठ परामर्शदाता - 01 पद' के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड और प्रासंगिक कार्य अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया **www.iisertirupati.ac.in** देखें और **Careers-Administration** लिंक पर क्लिक करें।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख **जून 29, 2026 को 17.00** बजे है।

**विज्ञापन सं. 40/2026/आईआईएसईआर-ति/भर्ती/06.06.2026**

**हस्ता./ कुलसचिव (प्रभारी)**

**CbC 21377/11/0005/2627**

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई-निविदा सूचना', संख्या ईपीएस/14/2026)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **https://ireps.gov.in"** पर ''ई'' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 81256624 | 1 IN 8.5 TWS टर्न आउट फॉर 22.9T एक्सल लोड फॉर 6400 MM कर्वेड स्विच | 80 सेट्स | 23/06/2026 |
| 2. | 30261022A | एक्सल बॉक्स हाउसिंग(फिनिश्ड मशीन्ड) | 633 नंबर्स | 09/07/2026 |
| 3. | 40255055A | डिजाइन, सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशनिंग & मेंटेनेंस (अंडर वारंटी पीरियड) ऑफ आटोमेटिक स्मोक/फायर डिटेक्शन विथ अलार्म सिस्टम | 31 सेट्स | 09/07/2026 |
| 4. | 30261384A | लोअर स्प्रिंग बीम अरेंजमेंट फॉर AC कोचेस | 257 नंबर्स | 14/07/2026 |
| 5. | 40262662 | इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफिएर कम रेगुलेटर | 108 नंबर्स | 16/07/2026 |
| 6. | 40262661 | 25KW, 110/130V DC ब्रुशलेस अल्टरनेटर | 19 नंबर्स | 20/07/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**MADHYA PRADESH STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
**26, Arera Hills, Jail Road, Bhopal**
**Board/Const/PC/DVI-2/IInd Call/2025-26/236**
**Bhopal, Dated : 19.06.2026**

**NOTICE INVITING TENDER (IInd CALL)**

Online Lump-Sum Rate E-Tenders are invited from the eligible bidders for Selection of an EPC Contractor for turnkey implementation of an AI-based voice-enabled communication and broadcasting system with audio-visual advisory devices for farmers across APMCs of Madhya Pradesh for 24 months. **(Tender Number : 2026_MPSAM_514518) (PAC amount Rs. 2533.41 Lakh).** The following Tender to be received online **up to 5:30 PM on Dated 08.07.2026.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received Online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained Online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only on above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of project and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P.M./126486/2026 **EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**

# आपका राशिफल 20 जून

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-7-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक 6 7 9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-1-5-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगा। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-1-4-6